तांत्रिक का प्रसाद खाने से 8 लोगों की तबीयत बिगड़ी

- बरकोटा गांव की घटना, 5 लोग अस्पताल में भर्ती
- बेसन के लड्डू और पेड़ा दिया था प्रसाद में

नवभारत न्यूज

छतरपुर, 3 अक्टूबर. सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के ग्राम बरकोहा में तांत्रिक द्वारा दिए गए प्रसाद को खाने के बाद एक ही परिवार के आठ सदस्यों की तबीयत अचानक बिगड़ गई.बीमारों में एक गर्भवती महिला और चार बच्चे भी शामिल हैं. सभी को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है.

कुशवाहा परिवार के बीमार सदस्यों के अनुसार, परिवार के सदस्यों ने तांत्रिक द्वारा दिया गया प्रसाद खाया था. इसके बाद उन्हें चक्कर आने लगे और कुछ लोगों की हालत बिगड़ने के साथ अजीबोगरीब हरकतें करने की शिकायत सामने आई.स्थिति गंभीर होने पर परिजन सभी को जिला अस्पताल लेकर पहुंचे.

अस्पताल में गर्भवती महिला को एचडीयू वार्ड में भर्ती कराया गया है, जबकि चार बच्चों को पीआईसीयू वार्ड में रखा गया है.डॉक्टरों की निगरानी में सभी का उपचार जारी है.एक बच्चे की हालत फिलहाल स्थिर बताई जा रही है.

परिजन घनश्याम कुशवाहा के मुताबिक प्रसाद में बेसन के लड्डू और पेड़ा दिए गए थे. प्रसाद खाने के बाद ही तबीयत बिगड़ने की बात सामने आई है.हालांकि बीमारी की वास्तविक वजह अभी स्पष्ट नहीं हुई है.चिकित्सकों द्वारा मरीजों की स्थिति पर नजर रखी जा रही है और मामले की वजह का पता लगाया जा रहा है.

इनका कहना

छतरपुर जिला अस्पताल के सिविल सर्जन डॉ. शरद चौरसिया ने बताया कि जिन आठ बीमारी को अस्पताल में भर्ती कराया गया है उनमें एक गर्भवती महिला एवं चार बच्चे और अन्य पुरुष शामिल हैं जिनमें से दो वर्षीय एक बच्चे की हालत नाजुक है इसके अलावा गर्भवती महिला को विशेष वार्ड में भर्ती कराया गया और डॉक्टरों की टीम सभी का इलाज कर रही है

पति बोला-नाक काटकर सबक सिखाना चाहता था

- ज्योति चौरसिया की हत्या के दोनों आरोपी गिरफ्तार

नवभारत न्यूज

छतरपुर, 3 अक्टूबर. मैं उसे जान से नहीं मारना चाहता था, बस उसकी नाक काटकर हमेशा के लिए सबक सिखाना चाहता था... यह कबूलनामा है एक दिन पहले छतरपुर में हुई ज्योति चौरसिया की सनसनीखेज हत्या के मुख्य आरोपी और उसके पति लखन जोशी का.

घटना के करीब 5 घंटे बाद पकड़े गए आरोपी से जब पुलिस ने पूछताछ की तब उसने अपनी मंशा को स्पष्ट किया.इसके बाद शनिवार को जब पुलिस आरोपी को जेल ले जा रही थी और कुछ

मीडियाकर्मियों ने उससे सवाल किया तब भी उसने यही जवाब दिया.

पुलिस ने बताया कि आरोपी लखन जोशी के पुलिस को दिए बयान में कहा कि उसने और ज्योति ने समाज की परवाह किए बिना प्रेम विवाह किया था, लेकिन पिछले कुछ समय से उनका रिश्ता नफरत के दलदल में धंस चुका था.लखन के मुताबिक वह अपने दोनों बच्चों को अपने साथ रखना चाहता था लेकिन एक निजी होटल में नौकरी कर बच्चों का पेट पाल रही ज्योति किसी भी कीमत पर बच्चों को लखन के हवाले करने को तैयार नहीं थी.पती के मुताबिक पत्नी के इसी इनकार ने उसके भीतर बदले की आग भड़का दी.उसने अपने दोस्त सोनू कुशवाहा के साथ मिलकर योजना बनाई कि वह बीच सड़क पर ज्योति की नाक काट देगा, ताकि वह समाज में मुंह दिखाने लायक न रहे. शुक्रवार की सुबह वह दोस्त सोनू के साथ बाइक से अमलतास कॉलोनी पहुंचा और घात लगाकर बैठ गया.जैसे ही ज्योति बाजार से सामान लेकर लौटी, लखन ने धारदार हथियार से पहले ज्योति के चेहरे और नाक पर वार किया.

सीसीटीवी फुटेज में भी साफ दिखा कि ज्योति ने खुद को बचाने के लिए आखिरी दम तक संघर्ष किया.लखन ने कुबूल किया कि ज्योति के विरोध करने पर उसका गुस्सा बेकाबू हो गया.नाक काटने के फेर में उसने अंधाधुंध वार शुरू कर दिए जिसके चलते बाद में ज्योति की तड़पकर मौत हो गई.

वारदात को अंजाम देकर भागे हत्यारों को पकड़ने के लिए पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में तुरंत विशेष टीमें गठित की गईं थीं, जिन्होंने घटनास्थल और आसपास के रास्तों पर लगे दर्जनों सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले.वहीं साइबर सेल और तकनीकी विशेषज्ञों ने मोबाइल टावर डंप तथा तकनीकी साक्ष्यों के जरिए संदिग्धों के भागने की दिशा और लाइव लोकेशन ट्रेस की.पुख्ता इनपुट मिलते ही पुलिस टीमों ने घेराबंदी करते हुए पीछा किया और दोनों आरोपियों को जिले की सीमा से सटे उत्तरप्रदेश के ग्राम ननौरा से दबोच लिया, जो कि कोई और नहीं मृतिका का पति लखन जोशी और उसका साथी है.

विश्राम गृह के काम का निरीक्षण

- मुख्य अभियंता ने किया निरीक्षण

नवभारत न्यूज

छतरपुर 3 अक्टूबर. जिला मुख्यालय स्थित विश्राम गृह में रेनोवेशन एवं जीर्णोद्धार का कार्य तेजी से जारी है.निर्माण कार्य की गुणवत्ता और प्रगति का जायजा लेने लोक निर्माण विभाग के मुख्य कार्यपालन यंत्री आशीष भारती ने मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया.

उन्होंने विभिन्न निर्माण कार्यों का बारीकी से अवलोकन कर संबंधित अधिकारियों और कार्यदायी संस्था को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए. भारती ने स्पष्ट कहा कि जीर्णोद्धार कार्य में

गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाए. सभी कार्य निर्धारित समय-सीमा में उच्च मानकों के अनुरूप पूरे किए जाएं.उन्होंने कहा कि आने वाले अतिथियों एवं प्रशासनिक अधिकारियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना विभाग की प्राथमिकता है.मुख्य कार्यपालन यंत्री के पहुंचकर निरीक्षण करने के साथ निर्माण कार्य समय पर पूरा करने के निर्देश मिले.

मेला जलविहार में देर रात तक जमी महफिल

- शंभू हलचल और नीलम विश्वकर्मा में सवाल-जवाब

नवभारत न्यूज

छतरपुर, 3 अक्टूबर.श्रावण द्वादशी मां अन्नपूर्णा मेला जलविहार महोत्सव में जवाबी कीर्तन का मुकाबला हुआ.

कार्यक्रम में यूपी के प्रसिद्ध कलाकार शंभू हलचल इलाहाबाद और छतरपुर की नीलम विश्वकर्मा ने अपनी-अपनी शैली में तीखे सवाल-जवाब और दमदार प्रस्तुतियां देकर दर्शकों की खूब तालियां बटोरीं.जवाबी कीर्तन का आनंद लेने के लिए मेला मैदान देर रात तक दर्शकों से खचाखच भरा रहा.कार्यक्रम की शुरुआत मां अन्नपूर्णा एवं विमानों

की महाआरती से हुई. इसके बाद मंचीय कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष पुष्पेंद्र प्रताप सिंह गुड्डू भैया रहे.अध्यक्षता भाजपा व्यापारी प्रकोष्ठ के प्रदेश सहसंयोजक लालचंद लालवानी ने की.नगरपालिका उपाध्यक्ष विकेन्द्र बाजपेई मिंटू पंडा, बुंदेलखंड कीर्तन उत्थान समिति अध्यक्ष देवेंद्र तिवारी सहित अन्य अतिथि मौजूद रहे.अतिथियों का मेला समिति पदाधिकारियों ने स्वागत एवं सम्मान किया.मुख्य अतिथि गुड्डू भैया ने कहा कि धार्मिक एवं सांस्कृतिक परंपराओं को जीवित रखना जरूरी है और मेला समिति के प्रयास सराहनीय हैं.देवेंद्र तिवारी ने कीर्तन कलाकारों का पारिश्रमिक अपनी ओर से देने की घोषणा की.स्वागत भाषण प्रभात अग्रवाल ने दिया और आभार राजेश रूसिया ने माना.संचालन सौरभ तिवारी ने किया.

पुलिस ने 2 किलो से अधिक गांजा पकड़ा

नवभारत न्यूज

छतरपुर, 3 अक्टूबर. महाराजपुर पुलिस ने अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए ढिगपुरा रोड ग्राम कुसमा से 2 किलो से अधिक गांजा बरामद कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया है.

पुलिस के अनुसार, रात्रि पेट्रोलिंग के दौरान गांजा तस्करी की सूचना मिलने पर टीम ने मजार के पास अस्थाई चेकिंग प्वाइंट लगाकर संदिग्ध मोटरसाइकिल को रोका.तलाशी लेने पर मोटरसाइकिल की डिग्गी में टैपिंग से बंद दो पैकेट मिले, जिनमें गांजा बरामद हुआ.

पुलिस ने आरोपी अखिलेश दुबे पिता लखनलाल दुबे निवासी ग्राम ढिगपुरा को गिरफ्तार किया.बरामद गांजे और परिवहन में प्रयुक्त मोटरसाइकिल की कुल कीमत करीब 90 हजार रुपये बताई गई है. आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है.पुलिस के मुताबिक आरोपी पूर्व में एससी-एसटी, आबकारी और एनडीपीएस एक्ट के तीन मामलों में लिप्त रहा है.

थाना प्रभारी ने नागरिकों से किया संवाद

- लवकुशनगर में थाना प्रभारी का रात्रि भ्रमण
- मुख्य मार्गों पर शराब न पीने की हिदायत

नवभारत न्यूज

लवकुशनगर.नवागत थाना प्रभारी त्रिवेंद्र त्रिवेदी ने पदभार संभालने के बाद नगर का भ्रमण कर कानून-व्यवस्था और सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया.

उन्होंने नगर के प्रमुख मार्गों एवं सार्वजनिक स्थानों का निरीक्षण करते हुए आम नागरिकों

से संवाद किया और सुरक्षा संबंधी समस्याओं की जानकारी ली.

रात्रि भ्रमण के दौरान थाना प्रभारी शराब ठेके के आसपास पहुंचे, जहां कुछ लोग सार्वजनिक रूप से शराब का सेवन करते मिले.पुलिस ने उन्हें मौके से हटाया और सार्वजनिक स्थानों व मुख्य मार्गों पर शराब का सेवन नहीं करने की सख्त हिदायत दी.थाना प्रभारी ने कहा कि शराब पीकर हुड़दंग करने अथवा आम लोगों को परेशान करने वालों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी.उन्होंने नागरिकों से संदिग्ध गतिविधियों की सूचना तत्काल पुलिस को देने की अपील की.थाना प्रभारी ने कहा कि नगर में कानून-व्यवस्था बनाए रखना पुलिस की प्राथमिकता है और असामाजिक गतिविधियों पर लगातार निगरानी रखी जाएगी.

एक नजर में

सौंदर्यीकरण कार्यों का लिया जायजा

छतरपुर, 3 अक्टूबर. शहर में चल रहे विभिन्न विकास एवं सौंदर्यीकरण कार्यों की प्रगति का जायजा लेने विधायक ललिता यादव एवं नगर पालिका अध्यक्ष ज्योति सुरेंद्र चौरसिया ने निर्माण स्थलों का निरीक्षण किया. इस दौरान दोनों ने मौके पर पहुंचकर निर्माण कार्यों की स्थिति देखी और संबंधित अधिकारियों से प्रगति की जानकारी ली. निरीक्षण के दौरान सिंगाड़ी नदी क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों का जायजा लिया गया. इसके साथ ही ऑडिटोरियम हॉल में कराए जा रहे मरम्मत एवं सौंदर्यीकरण कार्यों की भी स्थिति देखी गई .विधायक एवं नपाध्यक्ष ने नारायणपुरा रोड पर निर्माणाधीन पानी की टंकी का निरीक्षण कर निर्माण की प्रगति की जानकारी ली .इस दौरान अधिकारियों को निर्माण कार्यों में गुणवत्ता का ध्यान रखने तथा निर्धारित समयसीमा में कार्य पूर्ण करने के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए .निरीक्षण के दौरान नगर पालिका सीएमओ माधुरी शर्मा, हेल्थ ऑफिसर संजेश नायक, उपयंत्री नीतेश चौरसिया एवं अंकित अरजरिया सहित संबंधित कर्मचारी मौजूद रहे .

ट्रैक्टर की चपेट में आने से युवक की मौत

छतरपुर, 3 अक्टूबर. सिविल लाइन थाना क्षेत्र में होमगार्ड पेट्रोल पंप के पास गिट्टी से भरे ट्रैक्टर की चपेट में आने से बाइक सवार 20 वर्षीय युवक की मौत हो गई .मृतक की पहचान मोहम्मद फैजान पिता सिराज, निवासी बाराबंकी, लखनऊ (उत्तर प्रदेश) के रूप में हुई है .हादसे के बाद घायल युवक को उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया .सूचना पर सिविल लाइन थाना पुलिस मौके पर पहुंची और ट्रैक्टर को जब्त कर थाने में खड़ा कराया .पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया है .मामले की जांच जारी है .

लापरवाही पर दो शिक्षकों की वेतनवृद्धि रोकी

छतरपुर, 3 अक्टूबर. शासकीय एकीकृत माध्यमिक शाला ललगुवां में शैक्षणिक गुणवत्ता में कमी और दायित्वों के निर्वहन में लापरवाही पाए जाने पर दो शिक्षकों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की गई है. 25 सितंबर को जनविश्वास अभियान के तहत कलेक्टर मृणाल मीना के निरीक्षण में एफएलएन विद्यार्थियों की शैक्षणिक स्थिति कमजोर मिली .शिक्षक दैनंदिनी में औपचारिक प्रविष्टियां, विद्यार्थियों की कम उपस्थिति और स्कूल परिसर में अव्यवस्था भी सामने आई .दोनों शिक्षकों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया था .जवाब संतोषजनक नहीं पाए जाने पर जिला शिक्षा अधिकारी पी .के . रैकवार ने प्राथमिक शिक्षक रागिनी गुप्ता तथा एफएलएन प्रभारी सुधा गुप्ता की एक-एक वार्षिक वेतनवृद्धि असंचयी प्रभाव से रोक दी .

मतदाता सूची में 10 तक जुड़ेंगे नाम

छतरपुर, 3 अक्टूबर. जिले में मतदाता सूची को अद्यतन करने के लिए 10 अक्टूबर तक विशेष अभियान चलाया जा रहा है .मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, मध्यप्रदेश के निर्देश पर चल रहे अभियान में 18-19 आयु वर्ग के पात्र युवाओं के साथ मतदाता सूची में नाम दर्ज होने से वंचित अन्य पात्र नागरिकों के नाम जोड़े जाएंगे .नवविवाहित पात्र महिलाओं के नाम भी सूची में शामिल किए जाएंगे. अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी विनय द्विवेदी ने अधिकारियों को बीएलओ एवं बीएलओ सुपरवाइजरों की बैठक लेकर घर-घर सर्वे कराने के निर्देश दिए हैं .एसआईआर-2026 की एएसडीआर सूची में शामिल स्थानांतरित एवं अनुपस्थित मतदाताओं का मिलान भी किया जाएगा .वहीं स्थानीय निकायों की मृत व्यक्तियों की पंजी से मिलान कर मृत मतदाताओं के नाम नियमानुसार हटाने की कार्रवाई होगी .शैक्षणिक संस्थानों में विशेष शिविर लगाकर वोटर हेल्पलाइन एप के प्रचार-प्रसार के निर्देश दिए गए हैं .अधिकारियों को आवेदनों का समय पर निराकरण सुनिश्चित करने को कहा गया है .

जलप्रदाय योजना का विधायक ने किया निरीक्षण

- अधिकारियों से ली प्रगति की जानकारी
- सड़कों की मरम्मत दिसंबर तक पूर्ण करने के निर्देश

नवभारत न्यूज

छतरपुर, 3 अक्टूबर.ग्रामीण परिवारों को शुद्ध एवं पर्याप्त पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से संचालित तरपेड़ समूह जल प्रदाय योजना के कार्यों का विधायक ललिता यादव ने निरीक्षण किया.

उन्होंने जैतूपुरा स्थित जल शोधन संयंत्र और बरधवाहा स्थित

जल टंकी का जायजा लेकर कार्यों की प्रगति एवं गुणवत्ता की जानकारी अधिकारियों से ली.जल निगम के महाप्रबंधक अनमोल कोचर सहित संबंधित अधिकारी और निर्माण एजेंसी के प्रतिनिधि मौजूद रहे.अधिकारियों ने योजना के तहत पूर्ण और शेष कार्यों की जानकारी विधायक को दी.विधायक ने शेष कार्यों में तेजी लाते हुए दो माह में पेयजल आपूर्ति शुरू करने के निर्देश दिए.योजना में छतरपुर के 104 गांव शामिल हैं.योजना पूर्ण होने पर ग्रामीण परिवारों को घर-घर नल के माध्यम से नियमित पेयजल उपलब्ध कराया जाएगा.विधायक ने लंबित सड़क मरम्मत कार्यों को भी दिसंबर तक पूर्ण करने के निर्देश दिए.

मारपीट मामले में चार वारंटी गिरफ्तार

छतरपुर, 3 अक्टूबर. भगवां पुलिस ने वर्ष 2020 के मारपीट के एक प्रकरण में फरार चल रहे चार वारंटियों को गिरफ्तार किया है. पुलिस के अनुसार ग्राम बिश्रा निवासी राजकुमार उर्फ रजकु पिता घंसु आदिवासी, चाली उर्फ हीरालाल पिता नथुआ आदिवासी, हरलाल आदिवासी पिता नथुआ आदिवासी तथा मोती आदिवासी पिता हीरा आदिवासी लंबे समय से फरार चल रहे थे.पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए चारों को गिरफ्तार कर लिया.

बिजली कार्यालय का घेराव होगा

- 25 नवंबर को प्रदर्शन करेगी शिवसेना

नवभारत न्यूज

छतरपुर, 3 अक्टूबर. शिवसेना की जिला स्तरीय बैठक हुई.बैठक में शिवसेना जिला प्रमुख मुन्ना तिवारी, संभाग प्रमुख पवन सोनी, युवा शिवसेना जिलाध्यक्ष नीतेश तिवारी सहित विभिन्न पदाधिकारी मौजूद थे.

बैठक में संगठन ने 25 नवंबर को बिजली कार्यालय का घेराव करने का ऐलान किया.मुन्ना तिवारी ने बिजली विभाग में कथित भ्रष्टाचार, मेंटेनेंस कार्यों तथा बिजली के नोटिसों को लेकर सवाल उठाए.उन्होंने आरोप लगाया कि पुराने बिजली खंभों को पुताई कर नया दिखाया गया. नए खंभों के संबंध में भी अनियमितताएं हुई हैं. युवा शिवसेना जिलाध्यक्ष नीतेश तिवारी ने कहा कि जनता की समस्याओं को लेकर आंदोलन करेंगे.बैठक में आगामी नगर पालिका, छात्र संघ एवं पंचायत चुनावों की तैयारियां के निर्देश भी दिए गए.संभाग प्रमुख पवन सोनी ने कहा कि संगठन आगामी चुनावों में मैदान में उतरेगा.

आंगन मिलन सेवा | **आंगनबाड़ी केंद्र में आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम हुआ, नगरपालिका अध्यक्ष और वार्ड पार्षद शामिल हुए**

बच्चों के स्वास्थ्य, शिक्षा व पोषण पर दिया जोर

नवभारत न्यूज

छतरपुर 3 अक्टूबर. सेवा संकल्प अभियान के तहत वार्ड क्रमांक 34 स्थित आंगनबाड़ी केंद्र में 'आंगन मिलन सेवा' कार्यक्रम आयोजित किया गया. कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष ज्योति सुरेन्द्र चौरसिया एवं वार्ड पार्षद अधिवक्ता सुशील शिवहरे शामिल हुए.

इस दौरान आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका, महिलाएं एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे.कार्यक्रम में बच्चों के स्वास्थ्य, पोषण, शिक्षा एवं सर्वांगीण विकास से जुड़ी गतिविधियों की जानकारी ली गई.नगर पालिका अध्यक्ष ने आंगनबाड़ी केंद्र की व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए पात्र हितग्राहियों तक शासन की योजनाओं का लाभ पहुंचाने पर जोर दिया.पार्षद सुशील शिवहरे ने कहा कि आंगनबाड़ी केंद्र बच्चों के प्रारंभिक विकास और मातृ-शिशु स्वास्थ्य के लिए महत्वपूर्ण हैं.उन्होंने स्वच्छता एवं पोषण के प्रति जागरूकता बढ़ाने की बात कही.कार्यक्रम के बाद नपाध्यक्ष एवं पार्षद ने आंगनबाड़ी केंद्र के बाहर पौधारोपण किया.

स्वास्थ्य शिविर में सैकड़ों लोगों ने लिया लाभ

छतरपुर. सेवा संकल्प अभियान के तहत वार्ड क्रमांक-16 स्थित सरस्वती शिशु मंदिर में स्वास्थ्य शिविर लगाया गया, जिसमें सैकड़ों लोगों ने स्वास्थ्य परीक्षण एवं चिकित्सा सुविधाओं का लाभ लिया. भाजपा जिला मीडिया प्रभारी अमित द्विवेदी ने बताया कि प्रदेश उपाध्यक्ष नंदिता पाठक के नेतृत्व में आयोजित शिविर का शुभारंभ प्रदेश मंत्री अर्चना सिंह एवं भाजपा जिलाध्यक्ष चंद्रभान सिंह गौतम ने किया .शिविर में लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण कर चिकित्सकीय परामर्श दिया गया. कार्यक्रम में जिला महामंत्री अरविंद त्रिपाठी, विवेक उप्पल, वरिष्ठ नेता विनोद टिकरया, जयराम चतुर्वेदी, जिला उपाध्यक्ष पंकज पहारिया, अरविंद बुंदेला, कार्यक्रम प्रभारी अवधेश यादव उपस्थित थे.

8 साल पुराने मामले का स्थाई वारंटी गिरफ्तार

छतरपुर, 3 अक्टूबर. महाराजपुर थाना पुलिस ने 'न्याय पथ अभियान' के तहत कार्रवाई करते हुए वर्ष 2018 के गृह भेदन एवं मारपीट के प्रकरण में फरार चल रहे स्थाई वारंटी को गिरफ्तार किया है.पुलिस ने ग्राम मऊ निवासी गौरी शंकर कुशवाहा पिता लक्ष्मण कुशवाहा को गिरफ्तार कर विधिवत कार्रवाई के बाद न्यायालय के समक्ष पेश किया.कार्रवाई एसडीओपी खजुराहो मनमोहन सिंह बघेल के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी निरीक्षक अजय अंबे के नेतृत्व में की गई.टीम में प्रधान आरक्षक किफायत खान, आरक्षक शिवम राजा परमार, प्रवीण सहित पुलिसकर्मी शामिल रहे.पुलिस के अनुसार फरार आरोपियों की गिरफ्तारी और लंबित मामलों के निपटारे के लिए अभियान लगातार जारी है.